लोक सभा अध्यक्ष ब्रिक्स महिला सांसद मंच की पहली बैठक का शुभारम्भ करेंगी

जयपुर, 19 अगस्त, 2016: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन 20 अगस्त, 2016 को 11.00 बजे राजस्थान विधान सभा कक्ष, जयपुर में ब्रिक्स महिला सांसद मंच की पहली बैठक का शुभारम्भ करेंगी ।

राजस्थान की माननीय मुख्य मंत्री, श्रीमती वसुंधरा राजे, राजस्थान विधान सभा के माननीय अध्यक्ष, श्री कैलाश मेघवाल; ब्रिक्स के सदस्य देशों की महिला विधायक; भारत की संसद की महिला सदस्य और अन्य विशिष्टजन उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाएंगे ।

20 और 21 अगस्त, 2016 को जयपुर में भारत की संसद द्वारा आयोजित की जा रही इस दो दिवसीय बैठक में "महिला सांसद: सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक" विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा । विचार विमर्श के दौरान तीन महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी अर्थात " सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के बारे में परिदृश्य", "सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति- नागरिकों को सहभागी बनाने में महिला सांसदों की भूमिका", " जलवायु परिवर्तन की रोकथाम : वैश्विक सहयोग की अनिवार्यता" ।

इस बैठक का समापन सत्र 21 अगस्त, 2016 को 1200 बजे मैरियट होटल, जयपुर में होगा । राजस्थान की माननीय मुख्य मंत्री, श्रीमती वसुंधरा राजे विदाई भाषण देंगी । माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन समापन भाषण देंगी ।

इस समय भारत ब्रिक्स का चेयरमैन है । ब्रिक्स का वार्षिक सम्मेलन इस वर्ष अक्तूबर में गोवा में होगा । ब्रिक्स प्रमुख विकासशील और नव औद्योगीकृत देशों - ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का पांच सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय समूह है जिसका गठन इन देशों में आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था । ब्रिक्स महिला सांसद मंच सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के तौर-तरीकों पर चर्चा के लिए ब्रिक्स संसदों की महिला सांसदों को एक मंच पर लाने की लोक सभा अध्यक्ष की पहल है ।

श्रीमती सुमित्रा महाजन विशेष रूप से विकास के क्षेत्र में नीति तैयार करने और कार्यक्रम कार्यान्वयन में महिला विधायकों की भूमिका को मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं । इस दिशा में उठाये गए पहले कदम के रूप में नई दिल्ली में 5 और 6 मार्च, 2016 को दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसका विषय था " महिला प्रतिनिधि : सशक्त भारत की निर्माता" ।